सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना से लाभान्वित हुए हैं। इन 30 जिलों में बायो-गैस संयंत्रों की स्थापना से बहुत बड़ी संख्या में गांव लाभान्वित हुए हैं।

**विवरण**

| क्र० सं० | जिले का नाम | 31-3-89 तक स्थापित सौर प्रणालियों की संख्या | 31-3-89 तक स्थापित बायो-गैस संयंत्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अहमदनगर | 64 | 14158 |
| 2 | अकोला | 8 | 12511 |
| 3 | अमरावती | 77 | 9883 |
| 4 | औरंगाबाद | 38 | 6348 |
| 5 | बांद्रा | 129 | 13275 |
| 6 | बीड | 1 | 6035 |
| 7 | बम्बई | 42 | 2 |
| 8 | बुलडाना | 44 | 12780 |
| 9 | चन्द्रपुर | 257 | 14793 |
| 10 | धुले | 158 | 7240 |
| 11 | गडचीरोली | 1295 | 8254 |
| 12 | जलगांव | 36 | 10565 |
| 13 | जलना | 20 | 5125 |
| 14 | कोलापुर | 21 | 20685 |
| 15 | नागपुर | 54 | 9077 |
| 16 | नान्देड | 33 | 9669 |
| 17 | नासिक | 189 | 9396 |
| 18 | लातूर | 1 | 5934 |
| 19 | उस्मानाबाद | 17 | 5594 |
| 20 | परभानी | 14 | 6297 |
| 21 | पुणे | 180 | 15293 |
| 22 | रायगढ़ | 38 | 5662 |
| 23 | रत्नागिरि | 20 | 7438 |
| 24 | सांगली | 65 | 14623 |
| 25 | सतारा | 31 | 18454 |
| 26 | सिरढ़ी दुर्ग | 16 | 8374 |
| 27 | सोलापुर | 34 | 12744 |
| 28 | थाने | 83 | 11015 |
| 29 | वर्धा | 35 | 6801 |
| 30 | यवतमाल | 36 | 15429 |

**कोयले के मूल्य में वृद्धि**

2061. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों में कोयले के मूल्य में वर्ष-वार कितनी वृद्धि हुई है;

(ख) कोयले के मूल्यों में वृद्धि का क्या औचित्य है; और

(ग) क्या यह सच है कि कोल इंडिया लिमिटेड घाटे के बजाए लाभ दिखलाने के लिए कोयले के मूल्यों में निरन्तर वृद्धि करता रहा है?

**पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी):** (क) पिछले 5 वर्षों के दौरान कोयले की पिट हैड कीमतों में निम्नलिखित रूप में संशोधन किया गया:

— (रु० प्रति टन)

| संशोधन की तारीख | निम्नलिखित कंपनियों द्वारा उत्पादित कोयले की औसतन पिट-हैड कीमत | |
|---|---|---|
| | को०इ०लि० | सि०को०कं०लि० |
| 9-1-86 | 210.00 | 219.00 |
| 23-12-87 | 219.00 | कोई परिवर्तन नहीं |
| 24-9-88 | कोई परिवर्तन नहीं | 270.00 |
| 1-1-89 | 249.00 | कोई परिवर्तन नहीं |
| 24-1-89 | कोई परिवर्तन नहीं | 297.00 |

(ख) कोयले की कीमतों में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता निम्नलिखित में वृद्धि होने के कारण हुई — मजदूरी में संशोधन होने के कारण उत्पादन लागत में वृद्धि, परिवर्तनशील महंगाई भत्ते के कारण मजदूरी में वृद्धि, भण्डारों की ऊंची लागत, ऊंची पूंजीगत लागत, आदि। कीमतों में वृद्धि औद्योगिक लागत तथा कीमत ब्यूरो द्वारा दिए गए एक वृद्धि फार्मूले पर आधारित की गई है।

(ग) कोल इंडिया लि० के घाटे में 1988-89 को समाप्त 3 वर्ष की अवधि से जिस अवधि के लिए कोल इंडिया लि० के खातों को अन्तिम रूप दे दिया गया है गिरावट देखने में आई है।